ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
# Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
दूरभाष/ Phone: 07152-230901, वेबसाइट/ Website : www.hindivishwa.org

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## प्रत्यक्ष साक्षात्कार (Walk-in-Interview)

### परियोजना अंतर्गत परामर्शदाता की अस्थायी नियुक्ति

### रोज़गार सूचना क्रमांक मं.गां.अं.हिं.वि./स्था एवं प्रशा./10/2024 दिनांक 14.11.2024

विश्वविद्यालय द्वारा संदर्भित रोज़गार सूचना क्रमांक मं.गां.अं.हिं.वि./स्था एवं प्रशा./09/2024 दिनांक 16.10.2024 के अंतर्गत योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसकी तारतम्यता में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रायोजित दो वर्षीय वृहद परियोजना "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में भाषा शिक्षण में भाषा प्रौद्योगिकी संसाधनों का निर्माण: विश्लेषण एवं कार्यन्वयन (विशेष संदर्भ 'विदर्भ क्षेत्र' महाराष्ट्र)" में कार्य करने के लिए पूर्णतया अस्थायी तौर पर परामर्शदाता (Consultant) के **03 पदों** पर नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 19.11.2024 (मंगलवार) को अपराह्न 04:00 बजे से सभा-कक्ष, 'लीला', विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा में आयोजित किया गया है। परामर्शदाता (Consultant) को प्रत्येक माह में न्यूनतम 02 सप्ताह (कार्यदिवस) या अधिकतम एक माह (कार्यदिवस) का कार्य दिया जायेगा और कार्य मूल्यांकन के आधार पर आवश्यकता के अनुसार परियोजना के पूर्ण होने की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।

उक्त पद हेतु अपेक्षित न्यूनतम योग्यता तथा संबंधित नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :

| पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ | पद | मानदेय |
|---|---|---|---|
| परामर्शदाता (Consultant | संगणकीय भाषाविज्ञान/ संगनकशास्त्र/ भाषा अभियांत्रिकी अनुशासन में (न्यूनतम 55% अंकों के साथ) स्नातकोत्तर। नोट- उपर्युक्त शैक्षणिक योग्यताओं के साथ प्रोग्रामिंग / कम्प्यूटर प्रविधि का ज्ञान आवश्यक है। | 03 (तीन) | ₹ 1000/- प्रति कार्य दिवस |

परामर्शदाता (Consultant) से निष्पादित किए जाने वाले कार्यों की सूची :

1. हिंदी एवं मराठी कॉर्पस निर्माण तथा विश्लेषण का कार्य करना
2. टूल (tool) निर्माण एवं विश्लेषण का कार्य करना
3. शोध परियोजना प्रस्ताव लेखन एवं संपादन (editing) का कार्य करना
4. शोध परियोजना प्रस्ताव प्रतिवेदन (report) एवं संपादन (editing) का कार्य करना
5. क्षेत्र अन्वेषण में सहायता करना
6. प्रगति प्रतिवेदन (progress report) तैयार करने में सहायक करना
7. प्रस्तुतिकरण हेतु ppt आदि तैयार करना
8. संकलित डेटा का विश्लेषणात्मक प्रतिवेदन (report) तैयार करना
9. परियोजना निदेशक द्वारा दिए गए अन्य कार्य।

नोट : (1) उपर्युक्त एवं दिनांक 16.10.2024 को निर्गत रोज़गार सूचना के आलोक में जिन आवेदकों ने आवेदन किया था, के प्ररिप्रेक्ष्य में इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं, जाति प्रमाणपत्र तथा अनुभव से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के एक सेट एवं समस्त मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हों।

(2) इस विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.hindivishwa.org) पर दिया जाएगा। उक्त विज्ञापन निरस्त करने, पद को भरने अथवा न भरने का संपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

(कुलसचिव)